आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार


निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 17 अंक : 04 लखनऊ, मंगलवार 28 अप्रैल 2026 स 06 मई 2026 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रुपया

## काशी में गरजे सीएम योगी: बोले– विपक्ष ने रची नारी शक्ति के खिलाफ साजिश, मोदी ने दिया सुरक्षा और सम्मान

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न लोक–कल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया तथा 'महिला सम्मेलन' में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर तीखा प्रहार भी किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी सिक्किम और पश्चिम बंगाल के दौरे के बाद सीधे काशी पहुंचे हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि समाज में केवल चार ही प्रमुख वर्ग हैं, नारी, गरीब, युवा और अन्नदाता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दृष्टिकोण व्यापक है और इसके सकारात्मक परिणाम विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी को लेकर पहले जो धारणा थी, वह अब पूरी तरह बदल चुकी है और यह शहर आज दुनिया भर



के आकर्षण का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास और विरासत का सुंदर समन्वय देखने को मिल रहा है और काशी आज नए स्वरूप में वैश्विक मंच पर उभर रही है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले १० से १२ वर्षों में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए व्यापक अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभा में महिलाओं को ३३ प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया, लेकिन विपक्ष ने साजिश के तहत इसका विरोध किया। उन्होंने कांग्रेस, सपा और विपक्ष पर आरोप लगाया कि इनके प्रति आधी आबादी में नाराजगी दिखाई दे रही है, जबकि दूसरी ओर महिलाएं बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त कर रही हैं। हाल के वर्षों में काशी का विकास अभूतपूर्व रहा है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अब तक ३५ हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। साथ ही २० हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं और ६ हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का जल्द लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का काशी में आगमन पर स्वागत भी किया।

## ट्रंप ने होर्मुज पर स्टार्मर से बात की

नई दिल्ली। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर लगातार होर्मुज की खाड़ी खुलवाने के लिए कूटनीतिक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने दो बार दुनिया के ४० से ज्यादा देशों के साथ ऑनलाइन बैठक कराई, जिसमें सभी देशों ने होर्मुज खोलने पर सहमति जताई। अब तक ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देशों के एप्रोच की आलोचना करते रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी आखिरकार ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से बात की। फोन पर हुई बातचीत में दोनों नेताओं ने होर्मुज की खाड़ी से जहाजों की आवाजाही जल्दी बहाल करने पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने माना कि अगर होर्मुज में शिपिंग प्रभावित रहती है तो इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था और तेल सप्लाई पर गंभीर असर पड़ेगा। ब्रिटेन ने खास तौर पर कहा कि इसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा और महंगाई बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि स्टार्मर ने ट्रंप को बताया कि वह फ्रांस के साथ मिलकर समुद्री रास्तों को फिर से सुरक्षित और चालू करने के प्रयास कर रहे हैं। इस बीच खबर है कि जापान को अमेरिका से कच्चे तेल का पहला टैंकर मिला है। ओटिस नाम का यह टैंकर करीब ६.१ लाख बैरल टेक्सास का कच्चा तेल लेकर टोक्यो के पास एक रिफाइनरी तक



पहुंचा। यह टैंकर करीब ३५ दिन का लंबा सफर तय कर पनामा नहर के रास्ते जापान पहुंचा। खास बात यह है कि इसे होर्मुज की खाड़ी से नहीं गुजरना पड़ा, जहां मौजूदा हालात के कारण जोखिम बढ़ गया है। माना जा रहा है कि खाड़ी संकट की वजह से वैश्विक तेल सप्लाई का पैटर्न बदल रहा है और एशियाई देश नए रास्तों और सप्लायर्स की तलाश कर रहे हैं।

## भाजपा सरकार में जनता को न्याय मिलना मुश्किल, सत्ता के संरक्षण में हो रहे जमीनों पर कब्जे: अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर कानून–व्यवस्था, न्याय व्यवस्था और चुनावी माहौल को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ भी अन्याय हो रहा है और उनकी आवाज दबाई जा रही है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सत्ता से जुड़े लोग सरकारी तंत्र



उन्होंने कहा कि प्रदेश में आम जनता को न्याय मिलना कठिन होता जा रहा है और प्रशासनिक तंत्र पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में अखिलेश यादव ने हाथरस सहित विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि कई मामलों में पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया है। का दुरुपयोग कर जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना को बनाए रखना आवश्यक है। चुनावी परि श्य पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने पश्चिम बंगाल का जिक्र किया और कहा कि वहां भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती के बावजूद जनता अपने

## 'दीदी' को राम नाम से डर लगता है, कांग्रेस-वामपंथ और TMC ने बंगाल को किया 'कंगाल' : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। पश्चिम बंगाल के धानेखाली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंगाल की वर्तमान स्थिति पर तीखा प्रहार किया। सीएम योगी ने कहा कि कभी कला, साहित्य और औद्योगिक समृद्धि के लिए पहचान रखने वाला बंगाल आज बदहाली की ओर धकेल दिया गया है। पहले कांग्रेस, फिर वामपंथी सरकारों और पिछले १५ वर्षों से टीएमसी ने बंगाल को कंगाल कर दिया है। जब हम जय श्रीराम या हर–हर महादेव का नारा लगाते हैं तो ममता दीदी डर जाती हैं। उन्हें सत्ता हिलती हुई नजर आती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की इस पावन धरा ने श्री चैतन्य महाप्रभु को जन्म दिया, जिन्होंने हरि–कीर्तन के माध्यम से "हरे राम–हरे ष्ण" का शंखनाद किया था। इसी धरा में स्वामी विवेकानंद ने दुनिया के हिंदुओं को संदेश दिया था कि "गर्व से कहो हम हिंदू हैं।" आज जब टीएमसी सरकार बंगाल की डेमोग्राफी को साजिश के तहत बदलने की कोशिश कर रही है, तब स्वामी विवेकानंद जी का यह उद्घोष हम सबको एक नई प्रेरणा दे रहा है। यह बंगाल की धरा है, जिसने भारत के युवाओं की भुजाओं में नया जोश भरने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महान नेता को जन्म दिया। सीएम योगी ने कहा कि नेताजी ने कहा था कि "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।" वह बंगाल, जो कभी कला और साहित्य के कारण भारत की सांस्कृतिक राजधानी कहलाता था और अपने कल–कारखानों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन था, उस बंगाल में ममता दीदी "जय श्रीराम" और "हर–हर महादेव" का नारा लगाने पर नाराज हो जाती हैं। उन्हें अपनी सत्ता हिलती दिखाई देने लगती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हाल में तारकेश्वर में भगवान तारकनाथ के दर्शन करके आया हूं। अगर यहां डबल इंजन की भाजपा सरकार होती, तो तारकनाथ मंदिर में काशी विश्वनाथ की तर्ज पर भव्य कॉरिडोर बनता, श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलतीं और एक–एक व्यापारी को भी व्यवस्थित रूप से अपना व्यवसाय करने का अवसर प्राप्त होता। बंगाल में भारत की सनातन परंपरा के बारे में बोलने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। बंगाल की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है। "जय श्रीराम", मां दुर्गा की पूजा और मूर्ति विसर्जन की शोभायात्रा पर प्रतिबंध लगाया जाता है। लेकिन, ममता दीदी सड़कों पर नमाज पढ़वाती हैं और इफ्तार की दावत करवाती हैं। हिंदुओं के किसी भी प्रमुख त्योहार से पहले यहां उपद्रव शुरू हो जाता है, कर्फ्यू लगा दिया जाता है और सरेआम हत्याएं होती हैं। लव और लैंड जिहाद जैसी घटनाएं लगातार घटित हो रही हैं, लेकिन टीएमसी मौन साधे रहती है। आज इस मौन और अन्याय के खिलाफ बंगाल मुखर हो उठा है। टीएमसी के कुशासन से मुक्ति पाने के लिए बंगाल की जनता सड़कों पर उतर आई है।

# सम्पादकीय

## दल-बदल विरोधी कानून की साख पर गहरा बट्टा

आम आदमी पार्टी ('आप') के सात राज्यसभा सदस्यों के भाजपा में मिलने की प्रक्रिया को जिस तेजी से सभापति सीपी राधोंष्णन ने मंजूरी दी, उससे दल-बदल विरोधी कानून की साख पर गहरा बट्टा लगा है। ऐसे कुछ तकनीकी सवाल हैं, जिनकी इस निर्णय से पहले गंभीर परीक्षण की जरूरत थी। सात की संख्या सदन में दो तिहाई सदस्यों की शर्त को जरूर पूरा करती है, मगर यह भी साफ है कि 'आप' के विभाजन की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। वैधानिक प्रावधानों की एक व्याख्या यह है कि अन्य पार्टी में विलय से पहले निकले गुट के लिए असली पार्टी के रूप में खुद को साबित करना और मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है। ऐसे करने की तय प्रक्रिया है, जिसकी व्याख्या सुप्रीम कोर्ट ने अतीत के कई मामलों में की है। संसदीय दल पार्टी का सिर्फ एक हिस्सा होता है, जो सदन के बाहर के सांगठनिक ढांचे से जुड़ा होता है। 'आप' के सांगठनिक ढांचे में कोई विभाजन नहीं हुआ है। सदन के भीतर भी दस में से सात सदस्य अलग हुए और कुछ घंटों के अंदर भाजपा में शामिल हो गए। अनेक कानून विशेषज्ञों ने राय जताई है कि संविधान की दसवीं सूची में शामिल दल-बदल विरोधी अधिनियम की भाषा और उसकी न्यायिक प्रक्रियाओं के मुताबिक 'आप' से अलग हुए उन सांसदों का आचरण दल-बदल माना जाएगा। इस रूप में उनकी सदस्यता खारिज होनी चाहिए। जाहिरा तौर पर ये मामला भी सुप्रीम कोर्ट के पास जाएगा। मगर ऐसे मामलों में अक्सर न्यायिक निर्णय आने में इतनी देर लगती है कि उनका महज आगे के प्रकरणों के लिए ही महत्त्व रह जाता है। आज के दौर में जब कानून का शब्द और भावना दोनों रूपों में बेहिचक उल्लंघन हो रहा है, उसके बीच हर मामला एक नया मामला होता है और ऐसी अदालती व्यवस्थाओं की सिर्फ तकनीकी हैसियत रह जाती है। अतः सर्वोच्च न्यायालय से यह उचित अपेक्षा रहेगी कि कानून की साख की रक्षा के लिए वह निर्णय आने तक 'आप' से निकले सदस्यों की अवस्था को निलंबित स्थिति में रखे। तभी दल-बदल विरोधी कानून की भावना की रक्षा हो सकेगी।

## कृषि विविधीकरण और किसान आय पर फोकसः शिवराज चौहान

लखनऊ। लखनऊ में आयोजित उत्तर क्षेत्रीय'षि सम्मेलन के दौरान केंद्रीय'षि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि विकास अब क्षेत्रीय जरूरतों और जलवायु के अनुरूप रणनीति पर आधारित होगा, जिसमें किसान आय, खाद्य सुरक्षा




और विविधीकरण प्रमुख केंद्र होंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए एकरूप नीति के बजाय क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुसार कार्ययोजना तैयार की जा रही है। उत्तर क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्यों की जलवायु, जल उपलब्धता और फसल पैटर्न भिन्न होने के कारण कृषि रणनीति भी उसी के अनुरूप तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से देश को विभिन्न हिस्सों में विभाजित कर क्षेत्रीय कृषि सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। चौहान ने कहा कि खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता हासिल करना आवश्यक है। उन्होंने कृषि नीति के तीन प्रमुख लक्ष्येंखाद्य सुरक्षा, किसानों की आय में वृद्धि और पोषणें बताते हुए कहा कि इन्हीं के आधार पर आगे की रणनीति तय की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं में उत्पादन बढ़ाना, लागत कम करना, किसानों को उचित मूल्य दिलाना, नुकसान की भरपाई सुनिश्चित करना और कृषि को बाजार से जोड़ना शामिल है। इसके साथ ही कृषि विविधीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि पारंपरिक फसलों के साथ बागवानी, प्रसंस्करण और मूल्य संवध् र्ान को बढ़ावा मिल सके। छोटे और सीमांत किसानों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कम जोत में अधिक आय सुनिश्चित करने के लिए एकीत खेती मॉडल को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसमें फसल के साथ पशुपालन, मत्स्य पालन और मधुमक्खी पालन जैसे विकल्प शामिल हैं।

## योगी का ममता पर सीधा वारः बोले- दीदी को डर है कि हिंदू ज्यादा हुए तो सड़कों पर इफ्तारी कैसे होगी?

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के दौरे में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने दो-टूक कहा कि ममता दीदी ने इसीलिए सीएए का विरोध किया था, क्योंकि उन्हें चिंता है कि हिंदू ज्यादा हो गए तो सड़कों पर इफ्तारी कैसे होगी? बंगाल में अराजकता के लिए टीएमसी को जिम्मेदार ठहराते हुए सीएम ने कहा कि यह पार्टी लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती। पहले चरण के मतदान में इन लोगों ने भाजपा नेताओं व प्रत्याशियों पर हमला किया, सबने इनकी गुंडागर्दी देखी। लेकिन, ४ मई को जब परिणाम आएगा तो टीएमसी के गुंडों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। बंगाल अब अराजकता स्वीकार नहीं करेगा। कांग्रेस, कम्युनिस्टों व टीएमसी ने बंगाल के माथे पर लूटपाट का जो कलंक लगाया है, अब उससे मुक्त होने का समय है। बंगाल के लोगों ने डबल इंजन सरकार लाने का फैसला किया है, जो डबल स्पीड से काम करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को नबद्वीप विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार श्रुति शेखर गोस्वामी के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नबद्वीप की आध्यात्मिक धरा और चौतन्य महाप्रभु को प्रणाम किया। यहां भीषण गर्मी में भी सीएम योगी के प्रति बंगालवासियों का लगाव स्पष्ट दिखाई दिया। जनसभा में हजारों की भीड़ लगातार 'योगी-योगी' का नारा लगाती रही। सीएम ने इस स्नेह के लिए मतदाताओं का आभार भी जताया। सीएम योगी ने पहले चरण में १५२ सीटों पर रिकॉर्ड मतदान के लिए मतदाताओं का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि हर मतदाता के मन में भाव था कि बंगाल को टेरर, माफियाराज व करप्शन से मुक्ति दिलाकर फिर से भारत की पहचान का प्रतीक बनाना है और भाजपा की डबल इंजन सरकार लाना है। उस समय (२३ अप्रैल, मतदान दिवस) के नजारे बता रहे थे कि जब ४ मई को परिणाम आएंगे तो नबद्वीप का केसरिया झंडा बंगाल में हर ओर लहराता दिखाई देगा। सीएम योगी ने कहा कि ५०० वर्ष पहले चौतन्य महाप्रभु ने हरे कृष्णा, हरे रामा की मधुर धुन के माध्यम से दुनिया को आकर्षित कर भारत के सनातन ध



वज को वैश्विक पटल पर स्थापित करने का जो कार्य किया था, आज वही कार्य इस्क न के संन्यासी कर रहे हैं। वे भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली वृंदावन पर यह गान करते हुए भक्ति प्रवाह को प्रचारित करते हैं। उनका भक्ति का संदेश हिंदू समाज को जाति-पाति से उठकर ईश्वर के प्रति सर्वस्व समर्पण करने की प्रेरणा देने के साथ ही राष्ट्रवाद को नई ऊंचाई प्रदान करने वाला भी है। सीएम योगी ने कहा कि बंगाल ने भारत को सब कुछ दिया, फिर भी उसके साथ खूब छल हुआ। उन्होंने बंगाल की धरा पर जन्मे संतों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, समाज सुधारकों, वैज्ञानिकों व अन्य विभूतियों का नाम लेकर उनके प्रति श्रद्धा निवेदित की। कहा कि एक समय नबद्वीप और बंगाल ने भारत को पहचान दी, लेकिन आज उस बंगाल के सामने स्वयं पहचान का संकट खड़ा हुआ है। यह संकट खड़ा किया टेरर, माफियाराज व करप्शन की प्रतीक बनी टीएमसी सरकार ने। भाजपा कार्यकर्ता संजय भौमिक की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गई और तृणमूल के गुंडे खुलेआम घूम रहे हैं। बंगाल में लैंड, सैंड, कैटल माफिया हावी हैं। टीएमसी के गुंडे दिल्ली से भेजे गए पैसे हड़प जाते हैं, लेकिन अब बंगाल जाग गया है। यहां कटमनी, अराजकता का खेल समाप्त होगा। सीएम ने मतदाताओं से कहा कि आपके हक पर घुसपैठियों से डकैती डलवाने वाली टीएमसी सरकार से मुक्ति का समय आ गया है, क्योंकि जो काम भारत और बंगाल के हित में है, टीएमसी उसका विरोध करती है। संसद में प्रधानमंत्री मोदी सीएए (सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट) का प्रस्ताव लेकर आए तो टीएमसी ने विरोध किया। यह एक्ट गारंटी देता है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से किसी हिंदू, बौद्ध, जैन व सिख को प्रताड़ित कर भारत भेजा गया है और वह पांच साल से अधिक समय से यहां रह रहा है तो उसे भारत की नागरिकता मिलेगी। इसी एक्ट के कारण बंगाल के अंदर काफी संख्या में नागरिकता दी गई, लेकिन ममता दीदी को यह बुरा लगता है। उन्हें चिंता है कि हिंदू ज्यादा होगा तो सड़कों पर इफ्तारी कैसे होगी। लेकिन, यूपी में कोई सड़क पर नमाज या इफ्तार पार्टी नहीं कर सकता। वहां मस्जिद से आवाज भी नहीं आती। सीएम योगी ने कहा कि बंगाल में ममता दीदी दुर्गा पूजा, मूर्ति विसर्जन और हिंदुओं का विरोध ा करती हैं। जय श्री राम बोलने पर प्रतिबंध लगाती हैं। कोलकाता हाईकोर्ट को आदेश देना पड़ा था कि दुर्गापूजा की शोभायात्रा पर जो लोग सरेआम हमला कर रहे हैं, बंगाल में अव्यवस्था फैला रहे हैं, उन पर सख्ती की जानी चाहिए, परंतु तृणमूल सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। लेकिन, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि बंगाल की ध ारा पर मां काली-मां दुर्गा की पूजा कोई नहीं रोक सकता, ऐसा करने वालों के खिलाफ सड़कों पर आंदोलन होगा। बंगाल की धरती पर गोमाता को कटने और हिंदुओं को बंटने नहीं देंगे।

## जिन नेताओं को पार्टी ने राज्यसभा भेजकर उन पर भरोसा जताया, उन्होंने उसी पार्टी को धोखा दिया : डिंपल

मैनपुरी। समाजवादी पार्टी की सांसद डिम्पल यादव ने आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सात राज्यसभा सांसदों पर कड़ा निशाना साधते हुए कहा कि जिन नेताओं को पार्टी ने राज्यसभा भेजकर उन पर भरोसा जताया, उन्होंने उसी पार्टी को ध ोखा दिया है। यह उनकी पार्टी के साथ गद्दारी है। सांसद डिम्पल यादव आज अपने संसदीय क्षेत्र की किशनी विधानसभा के पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में बोल रही थीं।डिंपल यादव ने दलबदल को लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरा बताते हुए कहा कि विपक्षी दलों के नेताओं को तोड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। डिंपल यादव ने इन राजनीतिक घटनाक्रमों के साथ-साथ देश के



वर्तमान हालात पर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए और ममता बनर्जी की सराहना करते हुए कहा कि आगामी चुनावों में पश्चिम बंगाल में उनकी सरकार की वापसी निश्चित है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मणिपुर हिंसा और उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा एवं दलित व अल्पसंख्यक समुदायों के शोषण के मुद्दों पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल खड़े किए। पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में डिम्पल यादव ने उत्तरप्रदेश में २०२७ में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर जनता में जाकर अभी से तैयारी करने के लिए कहा और कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत से भाजपा सरकार को उखाड़ने के लिए आह्वान किया।

# गंगा एक्सप्रेस–वे के उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन को नई दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण आधार, पीएम मोदी कल करेंगे उद्घाटन


लखनऊ। गंगा एक्सप्रेस–वे के उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन को नई दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण आधार बनकर उभरने की उम्मीद है। गंगा को भारत की आस्था की सबसे पवित्र धारा माना जाता है और इसके किनारे बसे तीर्थस्थल सदियों से श्रद्धालुओं की श्रद्धा के केंद्र रहे हैं। अब गंगा एक्सप्रेस–वे इन धार्मिक स्थलों को एक मजबूत तीर्थ सर्किट में जोड़ने का कार्य करेगा। मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाला गंगा एक्सप्रेस–वे प्रदेश के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों को सीधे जोड़ेगा। इसके माध्यम से गढ़मुक्तेश्वर, कल्कि धाम, बेल्हा देवी धाम, चंद्रिका देवी शक्ति पीठ और त्रिवेणी संगम जैसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों तक पहुंच पहले की तुलना में अधिक आसान और तेज हो जाएगी। इन स्थलों पर हर वर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यह एक्सप्रेस–वे उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहे पांच प्रमुख स्पिरिचुअल क रिडोर को भी मजबूत आधार देगा। इन क रिडोरों का उद्देश्य राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों को एक व्यवस्थित धार्मिक पर्यटन नेटवर्क में जोड़ना है, ताकि श्रद्धालु एक ही यात्रा में कई महत्वपूर्ण तीर्थों के दर्शन कर सकें। प्रयागराज–विंध्याचल–काशी कॉरिडोर इस दिशा में विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। त्रिवेणी संगम से विंध्याचल देवी धाम और आगे काशी तक की यात्रा अधिक तेज और सुगम होगी। यह कॉरिडोर शक्ति और शिव के प्रमुख तीर्थों को जोड़ते हुए धार्मिक पर्यटन का एक सशक्त मार्ग बनेगा। प्रयागराज–अयोध्या–गोरखपुर कॉरिडोर रामभक्ति से जुड़े प्रमुख स्थलों को जोड़ेगा। प्रयागराज से अयोध्या में रामलला के दर्शन और आगे गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर तक पहुंच आसान होगी। इससे रामायण परंपरा से जुड़े तीर्थों का एक मजबूत धार्मिक सर्किट विकसित होगा। प्रयागराज– लखनऊ–नैमिषारण्य कॉरिडोर भी आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। नैमिषारण्य को वह पवित्र स्थान




माना जाता है जहां ८८ हजार ऋषियों ने तपस्या की थी और अनेक पुराणों का वाचन हुआ था। बेहतर सड़क संपर्क के कारण यह क्षेत्र भी बड़े आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर सकता है। रामायण से जुड़े स्थलों को जोड़ने वाला प्रयागराज– राजापुर–चित्रकूट कॉरिडोर भी गंगा एक्सप्रेस–वे से नई गति पाएगा। राजापुर, जो गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि है, और चित्रकूट, जहां भगवान राम के वनवास से जुड़े पवित्र स्थल हैं, अब श्रद्धालुओं के लिए अधिक सुलभ होंगे। इसके अतिरिक्त प्रयागराज– मथुरा–वृंदावन–शुकतीर्थ कॉरिडोर कृष्ण भक्ति से जुड़े प्रमुख स्थलों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। मथुरा और वृंदावन पहले से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन केंद्र हैं। बेहतर कनेक्टिविटी से यहां देशी और विदेशी श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। विशेषज्ञों का मानना है कि गंगा एक्सप्रेस–वे उत्तर प्रदेश के आध्यात्मिक पर्यटन को 'डेस्टिनेशन से सर्किट' में बदलने की क्षमता रखता है। अब तक श्रद्धालु अक्सर एक ही तीर्थ पर जाकर लौट आते थे, लेकिन बेहतर सड़क नेटवर्क बनने के बाद वे एक ही यात्रा में कई धार्मिक स्थलों का दर्शन कर सकेंगे। इससे धार्मिक पर्यटन की अवधि, खर्च और स्थानीय आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। एक्सप्रेस–वे के आसपास होटल, धर्मशाला, स्थानीय बाजार, परिवहन सेवाएं, हस्तशिल्प और प्रसाद से जुड़े छोटे व्यवसाय तेजी से विकसित होंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, काशी, अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा और नैमिषारण्य जैसे तीर्थ जब आधुनिक एक्सप्रेस–वे और धार्मिक क रिडोर से जुड़ेंगे, तब उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र बन सकता है। गंगा एक्सप्रेस–वे केवल दूरी कम नहीं कर रहा, बल्कि यह आस्था की यात्रा को सरल बनाकर प्रदेश की धार्मिक और सांसेंतिक विरासत को नए युग से जोड़ रहा है।

# उत्तर प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सहित सभी पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है और राज्य में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। यह बयान इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम क रपोरेशन की ओर से सोमवार को संयुक्त रूप से जारी किया गया। बयान में कहा गया है कि प्रदेश में मजबूत बुनियादी ढांचे, सतत निगरानी व्यवस्था और प्रभावी समन्वय तंत्र के जरिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में राज्य में कुल १३,१६८ रिटेल आउटलेट (ऑयल कंपनियां: १२,३३१ और निजीः ८६३) तथा २८ सप्लाई लोकेशन संचालित हैं। यहां से प्रतिदिन लगभग २० टीकेएल पेट्रोल (एमएस) और ३३ टीकेएल डीजल (एचएसडी) की आपूर्ति की जा रही है। सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से कार्यरत हैं और कहीं भी बिक्री पर कोई प्रतिबंध नहीं है। एलपीजी आपूर्ति की स्थिति भी पूरी तरह संतुलित बताई गई है। राज्य में ४,१४३ डिस्ट्रीब्यूटर और ३६ बॉटलिंग प्लांट के माध्यम से करीब ४.८८ करोड़ उपभोक्ताओं को सेवाएं दी जा रही हैं। डिस्ट्रीब्यूटर के पास औसतन १.३ दिन का स्टॉक उपलब्ध है और प्रतिदिन लगभग ८ लाख सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही ६ दिन का बैकलॉग निर्धारित बुकिंग के अनुसार पूरा किया




जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार कमर्शियल एलपीजी का ६८ प्रतिशत आवंटन स्तर बनाए रखा गया है। अस्पतालों, औद्योगिक कैंटीन, होटल–रेस्तरां और अन्य आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि सुचाः वितरण सुनिश्चित किया जा सके। एलपीजी सेवाओं में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देते हुए ६४ प्रतिशत बुकिंग डिजिटल माध्यम से की जा रही है। वहीं ६४ प्रतिशत मामलों में डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (DAC) का अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे डिजिटल माध्यम से ही बुकिंग करें और डिलीवरी के समय कोड साझा कर सुरक्षित एवं पारदर्शी व्यवस्था को मजबूत बनाएं। राज्य में करीब २१.५५ लाख पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध हैं और हाल के महीनों में २८,२१० नए कनेक्शन जोड़े गए हैं। ४४ जनपद सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) नेटवर्क से आच्छादित हो चुके हैं। सरकार द्वारा वेरिएंट अनुमति, पाइपलाइन बिछाने के लिए फास्ट–ट्रैक क्लीयरेंस और स्थानीय प्रशासन के समन्वय से इस विस्तार को गति दी जा रही है, जिससे शहरी क्षेत्रों में एलपीजी सिलेंडरों पर निर्भरता कम होगी। विज्ञप्ति में यह भी बताया गया कि अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। अब तक ३३,११७ निरीक्षण किए गए, १,२७१ सिलेंडर जब्त किए गए, २६८ एफआईआर दर्ज हुईं और २२ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक वस्तु अधिनियम, १९५५ के तहत कार्रवाई जारी है। जनता से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत से ज्यादा खरीदारी या स्टॉक न करें। सरकार और तेल विपणन कंपनियां आश्वस्त करती हैं कि राज्य में आपूर्ति पूरी तरह स्थिर है और आम जनता को निर्बाध रूप से पेट्रोलियम उत्पाद उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# विमान में बिना एसी के घंटों फंसे रहे यात्री

नई दिल्ली। एयर इंडिया के विमानों में तकनीकी गड़बड़ी और यात्रियों की परेशानी का सिलसिला थम नहीं रहा है। ताजा मामला दिल्ली से इंदौर जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान एआई २५१५ का है, जिसे तकनीकी खराबी के चलते रनवे से वापस टर्मिनल पर लाना पड़ा। रनवे पर खड़े विमान के अंदर एयर कंडीशनिंग यानी एसी बंद कर दी गई। भीषण गर्मी और बंद केबिन में घंटों फंसे रहने से यात्रियों की तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद विमान को वापस टर्मिनल पर लाया गया और यात्रियों को बाहर निकाला गया। विमान से बाहर निकलने के बाद दिल्ली हवाईअड्डे पर यात्रियों ने पैसे वापस करने की मांग को लेकर नारेबाजी की। यह फ्लाइट हर दिन दोपहर १२रू१० बजे दिल्ली से उड़ान भरती है और पौने दो बजे इंदौर पहुंचती है, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण इसमें देरी हुई। पहले इसके शाम पांच बजे तक इंदौर पहुंचने की संभावना जताई गई थी। लेकिन इसमें लगातार देरी होती गई और शाम तक विमान दिल्ली हवाईअड्डे पर ही था।

# UP में प्रचंड गर्मी से राहत मिलने के आसार, बांदा ४७.६ डिग्री सेल्सियस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के दक्षिणी और मध्य भागों में भीषण गर्मी का असर लगातार बना हुआ है, जबकि आगामी ४८ घंटों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विज्ञान विभाग, लखनऊ केंद्र के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में गरज–चमक, वज्रपात और झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी कहीं–कहीं वर्षा के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार २७ अप्रैल के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं–कहीं वर्षा और गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा। दिन के समय पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में लू चलने तथा कुछ स्थानों पर उष्ण रात्रि की स्थिति बनी रहने की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी कई स्थानों पर गर्म रातें दर्ज की जा सकती हैं। २८ अप्रैल से मौसम में अधिक बदलाव देखने को मिलेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं–कहीं मेघगर्जन, वज्रपात और ४० से ५० किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाओं के साथ वर्षा होने की संभावना है। २६ अप्रैल से एक मई तक प्रदेश के दोनों हिस्सों में अनेक स्थानों पर गरज–चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान है। प्रदेश में रविवार को सर्वाधिक अधिकतम तापमान बांदा में ४७.६ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से ५.४ डिग्री अधिक रहा। २०२२ के बाद यह पहला अवसर है जब उत्तर प्रदेश के किसी शहर का तापमान ४७.६ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। झांसी में ४५.२ डिग्री, आगरा में ४४.४ डिग्री, प्रयागराज और उरई में ४४.२ डिग्री, अलीगढ़ में ४३.४ डिग्री तथा कानपुर में ४३.८ डिग्री सेल्सियस तापमान रिक र्ड किया गया। लखनऊ का अधिकतम तापमान ४०.३ डिग्री और न्यूनतम २४.८ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कानपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, फिरोजाबाद, इटावा, मैनपुरी, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर और बागपत सहित कई जिलों में लू का प्रभाव बना हुआ है। वहीं बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर और देहात, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं अमरोहा सहित अनेक जिलों में उष्ण रात्रि की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने २८ अप्रैल को सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, झांसी, जालौन, हमीरपुर, महोबा और ललितपुर समेत कई जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में आसमान मुख्यतः साफ रहने के बाद आंशिक रूप से साफ रहेगा। अधिकतम तापमान ३६ डिग्री और न्यूनतम तापमान २५ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने, धूप से बचाव के उपाय अपनाने तथा गरज–चमक के दौरान खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े न होने की सलाह दी है।

# ममता बनर्जी के पैसे देकर भीड़ जुटाने के आरोप को अमित शाह ने बताया बेबुनियाद


नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के तहत १४२ सीटों पर होने वाली वोटिंग को लेकर सोमवार शाम चुनाव प्रचार को शोर थम जाएगा। इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में बेहाला पश्चिम में आयोजित रोड शो में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि बंगाल के आखिरी चरण का मतदान नया इतिहास बनाएगा। हर एक वोट परिवर्तन की मजबूत नींव रखेगा और बंगाल में कमल खिलेगा। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा लगाए गए इस आरोप पर कि भाजपा अपनी रैलियों में भीड़ बढ़ाने के लिए पैसे देकर बाहरी राज्यों से समर्थक ला रही है, पर प्रतिक्रिया दी। आईएएनएस से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, "पहले आप रोड शो में इस भीड़ को देखिए, क्या इतनी भीड़ बाहर से आ सकती है? ममता बनर्जी जो आरोप लगा रही हैं, उसमें जरा सी भी सच्चाई नहीं है। उनकी बातों को नहीं सुनना चाहिए।" उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा,



"क्या यार, आप भी ममता बनर्जी की बात सुन रहे हो। दरअसल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ५ अप्रैल को कहा था कि भाजपा अन्य राज्यों से लोगों को लाकर और पैसे देकर रैलियों में भीड़ जुटा रही है, ताकि चल रहे विधानसभा चुनावों को प्रभावित किया जा सके। चुनाव के दौरान भाजपा–टीएमसी के कार्यकर्ताओं के बीच भिड़ंत को लेकर अमित शाह ने कहा कि कहीं भिड़ंत नहीं हो रही है। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो रहा है। बंगाल को जो लोग जानते हैं, वे जानते हैं कि पूर्व के चुनावों में कैसे हिंसा होती थी। इस बार शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव हो रहा है। अमित शाह ने कहा कि हम बंगाल में प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतने जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले चरण की १५२ सीटों पर २३ अप्रैल को मतदान संपन्न हो चुका है और वोटिंग प्रतिशत ६२ प्रतिशत के पार रहा है। इस दौरान कुछ जगहों पर छिटपुट हिंसा की खबरें भी सामने आई थीं। अब २६ अप्रैल को दूसरे चरण के तहत १४२ सीटों पर मतदान होना है। सोमवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है और इसे देखते हुए सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

# भारत और न्यूजीलैंड में आज होगी व्यापार संधि

नई दिल्ली। दुनिया में चल रही उथल पुथल के बीच भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार संधि यानी एफटीए होने जा रही है। सोमवार, २७ अप्रैल को दोनों देश इस संधि पर दस्तखत करेंगे। करीब दो महीने पहले इस संधि पर सहमति बनी थी। उसके बाद इसके दस्तावेज तैयार किए जा रहे थे और कानूनी प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा था। सोमवार को दिल्ली में भारत मंडपम में होने वाले इस कार्यक्रम में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के मिनिस्टर ऑफ ट्रेड टॉड मैक्ले शामिल होंगे।



इस समझौते के जरिए अगले पांच सालों में दोनों देशों के दोपक्षीय व्यापार को दोगुना कर पांच अरब डॉलर तक पहुंचाना है। इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड अगले १५ सालों में भारत के विनिर्माण, बुनियादी ढांचे, सेवा व नवाचार सेक्टर में २० अरब ड लर यानी करीब १.८ लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा। इससे भारत में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। मुक्त व्यापर संधि के तहत भारतीय कंपनियों और उत्पादों को न्यूजीलैंड के बाजारों में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। सेवा क्षेत्र में इस संधि से भारत को बड़ा फायदा होगा। न्यूजीलैंड अब हर साल पांच हजार भारतीय पेशेवरों को अस्थायी रोजगार वीजा देगा। इसमें आईटी, इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर, एजुकेशन और कंस्ट्रक्शन जैसे हाई–डिमांड सेक्टर्स के साथ साथ आयुष प्रैक्टिशनर्स, योग प्रशिक्षक, भारतीय शेफ और संगीत शिक्षकों को भी शामिल किया गया है। केंद्र सरकार ने घरेलू किसानों और एमएसएमई सेक्टर के हितों को ध्यान में रखते हुए कई क्षेत्रों में कोई रियायत नहीं दी है। डेयरी सेक्टर, चीनी, प्याज, चने, मटर, मक्का, बादाम, मसाले और खाद्य तेल को इस समझौते से बाहर रखा गया है। इन पर पहले की तरह ही ड्यूटी लगती रहेगी ताकि स्थानीय उत्पादन प्रभावित न हो। समझौते के तहत न्यूजीलैंड के ६५ फीसदी उत्पादों पर शुल्क कम या खत्म कर दिए जाएंगे। कीवी, सेब, वाइन, चेरी, एवोकैडो और शहद जैसे उत्पादों के लिए कोटा आधारित टैरिफ कटौती की जाएगी। एक अच्छी खबर यह भी है कि न्यूजीलैंड की रेगुलेटरी अथ रिटी अब भारत की जीएमपी यानी गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस रिपोर्ट को स्वीकार करेगी।

# अराघची दोबारा पाकिस्तान पहुंचे

नई दिल्ली। ईरान ने युद्धविराम को लेकर अमेरिका से बातचीत आगे बढ़ाने का संकेत दिया है। पाकिस्तान को वार्ता के बिंदु और अपनी मांगें सौंप कर ओमान चले गए ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रविवार को दोबारा पाकिस्तान लौटे। पाकिस्तानी अधिकारियों ने इसे सकारात्मक



संकेत बताया है। हालांकि ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत का दूसरा दौर कब शुरू होगा यह तय नहीं है क्योंकि इस्लामाबाद में थोड़ी देर रूक कर अराघची का रूस जाने का कार्यक्रम है। इससे पहले वे पाकिस्तान के नेताओं से मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि अराघची शुक्रवार की रात को इस्लामाबाद पहुंचे थे। उन्होंने शनिवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की थी, जिसमें उप प्रधानमंत्री इशाक डार और सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि ईरान ने अपनी शर्तें और आपत्तियां पाकिस्तान को सौंप दी। इसके बाद अराघची शनिवार को ही ओमान चले गए। माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने ईरान की ओर से दिए गए दस्तावेज अमेरिका को सौंपे हैं। तभी अराघची के रविवार को पाकिस्तान लौटने को सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। असल में ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अमेरिका से सीधे बातचीत नहीं करेगा और अपनी बात पाकिस्तान के जरिए ही पहुंचाएगा। तभी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और अपने दामाद जेरेड कुशनरको पाकिस्तान नहीं भेजा। पाकिस्तान के जरिए ही दोनों की बातचीत होगी और किसी समझौते पर पहुंचने की सहमति बनने के बाद ही दोनों देशों के नेता आमने सामने बैठ कर बात करेंगे। दोबारा पाकिस्तान लौटने से पहले अराघची ओमान पहुंचे थे, जहां उन्होंने रविवार को ओमान के सुल्तान तारिक बिन हैथम से मुलाकात की। इस दौरान पश्चिम एशिया की जंग और शांति बहाली की कोशिशों पर चर्चा हुई। अराघची ने ओमान की कूटनीतिक भूमिका की तारीफ करते हुए कहा कि बातचीत के जरिए ही समाधान संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका की सैन्य मौजूदगी से क्षेत्र में असुरक्षा बढ़ती है। ओमान के सुल्तान ने उम्मीद जताई कि युद्ध जल्द खत्म होगा और क्षेत्र में शांति लौटेगी। बैठक में ओमान के विदेश मंत्री भी मौजूद रहे। इस बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा है कि तेहरान दबाव और धमकियों के बीच अमेरिका के साथ जबरन बातचीत नहीं करेगा। अमेरिकी मीडिया समूह 'सीएनएन' की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से फोन पर बातचीत में पेजेशकियान ने कहा कि अमेरिकी कदम भरोसे को कमजोर कर रहे हैं और बातचीत की राह को मुश्किल बना रहे हैं। साथ ही उन्होंने जहाजों पर लगी नाकेबंदी हटाने को भी जरूरी शर्त बताया।

# बच्चों को संस्कारवान बनानें में माताओं की अहम् भूमिकाः जी डी यादव प्रबंधक

लखनऊ। विघारम्भं समारोह का न्यू पब्लिक कृष्णा नगर शाखा में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रबंधक जी डी यादव एवं प्रधानाचार्या ममता श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विघालय की अध्यापिकाओं ने बच्चों के हाथों से पहला अक्षर लिखाकर विघारम्भं समारोह को भाव–विभोर बना दिया। विघारंम्भ कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सरी के बच्चों को उनके हाथों से पहला अक्षर उनके नाम का लिखाकर शुभारंभ करना और मां सरस्वती को प्रणाम कर उनके जीवन की शिक्षा–दीक्षा आरंभ करना रहा। विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक जी डी यादव ने कहा कि पहले पाटी पूजन करके ही बच्चे को विघारम्भं के लिए भेजा जाता था उस परंपरा का निर्वाह करते हुए आज विघालय मे बच्चों के हाथों से पहला अक्षर लिखाकर शुभारंभ किया गया। श्री यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित माताओं, बहनों से अनुरोध करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखें और उन्हे संस्कारवान बनाने की शिक्षा दे। आज हमारा ही बच्चा हमारे पर नहीं छूता है आज




संस्कारविहीन शिक्षा ही चरित्रहीन बच्चों का निर्माण कर रही है। इसकी जिम्मेदार हम सभी अभिभावकगण है। मां ही अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने का दायित्व निभा सकती है। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज से बच्चों ने पेंसिल पकड़कर पहला अक्षर लिखकर विघारम्भं की, बच्चों के साथ मां और विद्यालय का गहरा संबंध है बच्चों के प्रथम गुरु मां के साथ अध्यापक होते हैं। आप सभी अपने सुझाव और विचार हमें दे सकते हैं, जिसे बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर संस्कारवान बनाया जाये।नर्सरी के नन्हे मुन्ने बच्चों मे आदविक वर्मा, अगस्त्य राना, अमृति वर्मा, आन्वी, आर्या अथर्व बाजपेई, अथर्व सिंह, अयांश बाजपेई, अयान्शां द्विवेदी, अंजान अली, दक्ष प्रताप सिंह, गौरी , हिताक्षी सिंह, जगन्नाथ तिवारी, क्रियांशी चक्रवती, मों अबान, नेत्रा बाजपेई, नियति श्रीवास्तव, प्राची तिवारी, प्रज्ञा यादव, रियांश कालरा, रितिका यादव, रूद्रांश दीक्षित, सम्राट यादव, शिवांश राय, श्रेया यादव, श्रेयान्वीं शुक्ला, तेजस्वी प्रताप, वरूण शुक्ला, वीर यादव, विभांश ओझा, यशिका यादव, आदि बच्चों को पहला अक्षर लिखाकर विघारम्भं कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डी जी यादव प्रबंधक, ममता श्रीवास्तव प्रधानाचार्या, अंकिता यादव डायरेक्टर, सविता शुक्ला अध्यापिका, मजूं सिंह, रिचा शर्मा, सुभाष के साथ समस्त स्टाफ के साथ बच्चों की मां अभिभावक के रूप में उपस्थित रही।

# बाढ़ से तबाही पर सरकार गंभीर, राजा राजेश्वर सिंह के साथ निघासन के शारदा क्षेत्र में अधिकारियों का निरीक्षण।

निघासन खीरी। विधानसभा क्षेत्र निघासन में हर वर्ष आने वाली बाढ़ से किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं, जिससे क्षेत्रीय किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता



है। इसी समस्या को लेकर क्षेत्र के किसानों ने एकजुट होकर व के क्षेत्रीय झंडी स्टेट के राजा व भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा राज राजेश्वर सिंह से मुलाकात की और अपनी पीड़ा साझा की थी। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए राजा राजेश्वर सिंह ने हाल में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर निघासन क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति से अवगत कराया व विभागीय प्रमुख सचिव से भी वार्ता की, जिसके बाद प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई तेज हो गई। शुक्रवार को सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम के साथ राजा राजेश्वर सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान लखनऊ से पधारे सिंचाई खंड शारदानगर के अपर मुख्य अभियंता लवकुश सिंह, अधिशाषी अभियंता धर्मपाल गंगवार, बाढ़ खंड के अपर मुख्य अभियंता अनिल कुमार निरंजन, अधिशाषी अभियंता अजय कुमार व अपर अभियंता अखिलेश कुमार व अन्य अधिकारी उपस्थिति थे। टीम ने सबसे पहले बैलहा रपटा पुल का निरीक्षण किया, जहां नाले की सफाई कराने का विषय ग्रामीणों ने रखा जिसपर उचित कार्यवाही की बात कही व लालपुर सेंटर के पास में क्षतिग्रस्त पुलिया तो तत्काल बनाने को कहा। इसके बाद लालबोझी शारदा से निकलने वाली सूतिया नदी को रोकने हेतु परप्यूपाईन (तिगुड़िया) लगाने हेतु निर्देश दिया जिससे घाघी में आ रहे अतिरिक्त पानी में कमी आयेगी। साथ ही टापरपुरवा की नहर झण्डी रजबहा के ऊपर पुलिया बनाने का आश्वासन दिया जिससे लोगों के आवागमन में सुविधा हो। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी राजा राजेश्वर सिंह के प्रयासों से तमोलीनपुरवा बांध का निर्माण कराया गया था एवं बंद पड़े घाघी नाले की खुदाई हुई थी जिससे क्षेत्र में बाढ़ का प्रभाव काफी हद तक कम हुआ था। इस बार भी किसानों को उम्मीद है कि राजा साहब के प्रयासों से उन्हें बाढ़ की समस्या से और राहत मिलेगी व सिचाई विभाग के दौरे से वे आश्वस्त हुये। निरीक्षण के दौरान पूर्व ब्ल क प्रमुख नरेंद्र सिंह, बैल्हा प्रधान सद्दाम , धर्मनाथ सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, जसवंत सिंह, बख्शीश सिंह , अमित सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# 'लखीमपुर खीरी में डीएसओ के दावे फेलः तहसीलों में सूखे पड़े पेट्रोल पंप, गांवों में रू०२००लीटर बिक रहा डीजल-पेट्रोल'

लखीमपुर खीरी। जिला पूर्ति अधिकारी के 'जिले में पेट्रोल–डीजल की कोई कमी नहीं' वाले बयान की हवा निकल गई है। जिले की



कई तहसीलों में हालात बदतर हैं। दर्जनों पेट्रोल पंपों पर ताले लटके हैं और जहां मिल रहा है वहां लंबी कतारें हैं। सबसे गंभीर स्थिति गांवों की है। आरोप है कि पंप बंद कर अधिकारी और पेट्रोल पंप संचालक मिलीभगत से कालाबाजारी करा रहे हैं। गांवों में खुलेआम पेट्रोल १६० से २०० रू० प्रति लीटर और डीजल छ्१५० से छ्१८० प्रति लीटर बिक रहा है। किसान और आम लोग मजबूरन ब्लैक में खरीद रहे हैं। स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब पंप बंद हैं तो गांवों तक ये तेल पहुंच कैसे रहा है? टैंकरों से सीधे गांवों में सप्लाई की आशंका जताई जा रही है। सवाल ये भी कि जब जिलेभर में हाहाकार मचा है तो जिला प्रशासन और पूर्ति विभाग कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा? पंप संचालकों पर जुर्माना या लाइसेंस रद्द जैसी सख्त कार्रवाई न होना मिलीभगत की तरफ इशारा कर रहा है। अधिकारी जांच की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं, जबकि जमीन पर जनता परेशान है। खेती–किसानी का सीजन है और डीजल न मिलने से किसान बेहाल हैं।

# 'सोहरिया में ट्राली पलटने के हादसे के बाद घायलों व मृतकों के परिजनों से मिले राजा राजेश्वर सिंह।'

निघासन। विगत दिनों मुंडल हेतु निघासन के सोहरिया गाँव से



बहराइच देवी मंदिर जा रही ट्राली पलटने की हृदय विदारक घटना में ५ लोगों की मौके पर मृत्यु व २२ लोग घायल हुये जिससे इलाके में शोक का माहौल है। घटना की खबर सुनते ही क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता व प्रदेश संयोजक राजेश्वर सिंह सोहरिया ग्राम पहुँचे व घर घर जाकर घायलों का हाल जाना व मृतकों के परिजनों से भेंट की एवं उन्हे संतावना देते हुए उपजिलाधिकारी निघासन को संभव सरकारी मदद दिलाने हेतु कहा। जब घायलों व उनके परिजनों ने जिला अस्पताल में उचित इलाज न मिलने की बात कही तो राजा साहब से जिला चिकित्सा अधिकारी से फोन पर वार्ता की व घायलों का विशेष ध्यान रखने को कहा। जिला चिकित्सा अधिकारी संतोष गुप्ता ने राजा साहब को आश्वासन दिया की सभी मरीजों का उचित ध्यान रखा जायेगा। तदोपरांत राजा साहब मरीजों से मिलने अस्पताल भी पहुँचे व एक एक घायल मरीज के पास जाकर उनका हाल लिया व डाक्टर से वार्ता की। सोहरिया में राजा साहब के साथ भाजपा सेक्टर संयोजक दिनेश मिश्रा, वरिष्ठ कार्यकर्ता निगम व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ब्रेन डेड के अंगदान पर खीरी में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, हरीश राणा की मिसाल बनी प्रेरणा

लखीमपुर खीरी। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय देवकली में 'मेडिकल एल्ट्रिज्म – परोपकारार्थमिदं शरीरम' विषय पर प्रदेश का पहला दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शनिवार को शुरू हुआ। सम्मेलन में अंगदान से जीवन बचाने का संदेश



दिया गया।सम्मेलन का शुभारंभ सदर विधायक योगेश वर्मा, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, डीएम अंजनी कुमार सिंह, प्रधानाचार्या डॉ. वाणी गुप्ता, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रधानाचार्या डॉ. वाणी गुप्ता ने बताया कि यह उत्तर प्रदेश में इस विषय पर पहला सम्मेलन है। इसमें ५६७ प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने ब्रेन डेड घोषित युवा हरीश राणा के परिवार द्वारा अंगदान की मिसाल साझा की, जो देश के लिए प्रेरणा बना। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल से आए डॉ. अभिषेक रे ने आंत प्रत्यारोपण की जटिल प्रक्रिया समझाई। एसजीपीजीआई के प्रो. डॉ. जिया हाशिम ने ब्रेन डेड की कानूनी परिभाषा बताई। प्रो. डॉ. राजेश हर्षवर्धन ने लापरवाही, गोपनीयता और डॉक्टर–मरीज संबंधों के कानूनी पहलुओं पर चर्चा की। डॉ. विष्णु शंकर शुक्ला ने किडनी प्रत्यारोपण की चुनौतियाँ बताईं। मेदांता लखनऊ के डॉ. अंशुल गुप्ता ने बोन मैरो प्रत्यारोपण पर मार्गदर्शन दिया। मोहन फाउंडेशन ने एमबीबीएस छात्रों के लिए कार्यशाला की। राजर्षि दशरथ मेडिकल क लेज अयोध्या की डॉ. वंदना गुप्ता ने बताया कि सरोगेसी निसंतान दंपतियों के लिए आशा की किरण है और चिकित्सा का परोपकारी रूप है। सम्मेलन को नाटो और एमसीआई से सराहना मिली। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुभकामना संदेश भेजा। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा की।

# रात की बिजली कटौती से तिकुनिया व्यापारियों में आक्रोश

निघासन खीरी। तिकुनिया के आक्रोशित अलग–अलग दो व्यापार मंडल के संगठनों ने एक साथ डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन कोतवाली निरीक्षक को सौंपकर रात ग्यारह बजे से सुबह पांच तक बिजली कटौती नहीं किए जाने की मांग की। तिकुनिया उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले तमाम व्यापारियों ने कोतवाली निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा को डीएम के नाम सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से बताया कि तिकुनिया में बिजली विभाग के अधिकारी रात में डेढ़ से दो घंटे की कटौती कई बार करते हैं। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुमार जैन ने बताया कि दिनभर व्यापारी काम में बिजी रहता



है। रात में बिजली कटौती के चलते वह चौन की नींद नहीं सो पाता है। दिनेश कुमार जैन ने बताया कि बिजली विभाग की मनमानी से व्यापारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। व्यापारी समाज काफी नाराज है। उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्णा सिंह ने कहा कि बिजली कटौती से आमजन व व्यापारी समाज परेशान व आक्रोशित है। ज्ञापन देते समय अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तहसील संयोजक मुकेश कुमार जैन, दिनेश कुमार जैन, ृष्णा सिंह, मनोज कुमार महावर, सिद्धार्थ जैन, प्रदीप जैन, सचिन कुमार जैन, मुदित कुमार गुप्ता, चंदन जायसवाल, रमन अग्रवाल, प्रिंस गोयल, पंकज सिंघल, महेश गोयल, रोहित चावला, वैभव जैन, आयुष जैन सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# ज्ञानेश कुमार को हटाने का नया नोटिस

नई दिल्ली। लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा के सभापति ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के विपक्ष के नोटिस को रद्द कर दिया था। लेकिन विपक्ष हार मानने को तैयार नहीं है। विपक्षी पार्टियों की ओर से ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए नया नोटिस दिया गया है। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा में यह नोटिस दिया। इस पर ७३ सांसदों ने दस्तखत किए हैं। कांग्रेस महासचिव और संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त पर साबित दुर्व्यवहार के आधार पर नौ आरोप हैं।जयराम रमेश ने ज्ञानेश कुमार के पद पर बने रहने को संविधान पर हमला बताया। उन्होंने शुक्रवार को सो शल मीडिया प्लेटफ र्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, राज्यसभा में ७३ विपक्षी सांसदों ने अभी अभी महासचिव को एक नया प्रस्ताव नोटिस सौंपा है'। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त को उनके पद से हटाने की अपील की गई है। जयराम रमेश ने बताया है कि विपक्ष का नोटिस किस आधार पर दिया गया है। उन्होंने अपनी




पोस्ट में लिखा, "इसका आधार 'साबित दुर्व्यवहार' है, जिसमें १५ मार्च २०२६ को और उसके बाद किए गए कार्य और चूक शामिल हैं। यह भारत के संविधान के अनुच्छेद ३२४(५) (अनुच्छेद १२४(४) के साथ पढ़ा जाए"। रमेश ने लिखा, 'अब सीईसी के खिलाफ नौ खास आरोप हैं, जिन्हें बहुत विस्तार से दस्तावेजों में दर्ज किया गया है और जिन्हें नकारा या छिपाया नहीं जा सकता। उनका पद पर बने रहना संविधान पर हमला है। यह बेहद शर्मनाक है कि यह व्यक्ति अभी भी अपने पद पर बना हुआ है और प्रधानमंत्री, गृह मंत्री के इशारों पर काम कर रहा है'। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस के सांसद और प्रवक्ता डेरेक ओ'ब्रायन ने सोमवार को कहा था कि विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ अतिरिक्त आरोपों के साथ एक नया महाभियोग प्रस्ताव लाएगा। कोलकाता में एक प्रेस क न्फ्रेंस में पत्रकारों से बात करते हुए ओ'ब्रायन ने कहा था, '१६ राजनीतिक पार्टियों और करीब तीन सौ सांसदों ने पहले सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया था। आने वाले दिनों में, अतिरिक्त आरोपों के साथ एक नया महाभियोग प्रस्ताव लाया जाएगा'।

# जनसमस्याओं के समाधान के लिए सरोजिनी नगर विधायक राजेश्वर जारी अभियान

लखनऊ। सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत औरंगाबाद खालसा, बिजनौर में १६५वें "आपका विधायक आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत जन समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी पहल की गई। विध ाायक डॉ. राजेश्वर सिंह के निर्देशन प्रदान किए गए। मेधावियों का किया सम्मान। हाई स्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार विद्यार्थियों को साइकिल घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दसवीं की छात्रा अंजली शुक्ला को ७७.३३ः और अभिषेक साहू को ८३.३ प्रतिशत





में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। विभिन्न समस्याओं के १८ आवेदन प्राप्त, त्वरित निस्तारण की प्रक्रिया जारी की। कार्यक्रम के दौरान कुल १८ आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें रोड व नाली, पुलिस, पार्क सौंदर्यीकरण, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आर्थिक सहायता, हैंडपंप, नगर निगम, आयुष्मान कार्ड, साइकिल, स्ट्रीट लाइट एवं नाली सफाई जैसी समस्याएं शामिल रहीं। इनमें से ४ आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिली। आयुष्मान कार्ड और आर्थिक सहायता से जरूरतमंदों को मिला लाभ। कार्यक्रम के अंतर्गत ३ लाभार्थियों, शंकर, नारायण एवं कलावतींके आयुष्मान कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत ५३ वृद्धजनों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से ३० लोगों को चश्मा

अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट के छात्र देव वर्मा को ७०.४ः और छात्रा संध्या रावत को ७८.४ः अंक लाने पर सम्मान मिला। कार्यक्रम में सामाजिक और युवा भागीदारी को बढ़ावा देते हुए ११५वें गर्ल्स यूथ क्लब एवं १७६वें ब यज यूथ क्लब का गठन किया गया। इस अवसर पर मंडल मंत्री राजीव मिश्रा, मुकेश मौर्य, मंडल उपाध्यक्ष हनुमान पाल, सेक्टर संयोजक दीपेंद्र सिंह, हिमांशु पचौरी, वार्ड अध्यक्ष मनीष साहू, प्रेम भारती, बूथ अध्यक्ष नीतू, नंदलाल, सेक्टर संयोजक वीके सिंह, राजपति शुक्ला, गुरु प्रसाद, सुरेश मौर्य, दीपेंद्र मौर्य, फूल दुलारी, सुमन, मंजुला, गोमती, शीला, पिंकी रावत, बूथ अध्यक्ष संत शरण इंद्रेश सिंह, संपत्ति यादव, रामप्रसाद, विमला, रजाना, गजराज, कलावती, बूथ अध्यक्ष सुमन और मनोज कुमार मौजूद रहे।

# यूपी को एआई का लीडर बनाने में युवा शक्ति की अहम भूमिकाः डॉ. राजेश्वर सिंह

लखनऊ। सरोजिनी नगर से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि २१वीं सदी का सबसे बड़ा युद्ध बंदूकों का नहीं, बल्कि बुद्धिमत्ता का हैं यह **AI War** है। उन्होंने कहा कि दुनिया की बड़ी शक्तियाँ **Artificial Intelligence** के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश कर रही हैं और आने वाले समय म**sa AI** वैश्विक अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को दिशा देगा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे युवा शक्ति है, जहाँ ६५ः आबादी ३५ वर्ष से कम आयु की है। यह अवसर तभी सार्थक होगा जब युवा केवल **technology users** नहीं, बल्कि **technology creator, innovators** और **leaders** बनेंगे। डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि **AI** केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि कममिदबम, **cyber security, healthcare, agriculture,governance, education** और रोजगार का भविष्य है। युवाओं के लिए आह्वान **Coding** सीखें **Data** को समझें,



**Critical thinking** विकसित करें, **Technology** को **create** करने की दिशा में आगे बढ़ें, उन्होंने कहाः "जो देश **AI** लिखेगा, वही भविष्य का इतिहास लिखेगा।" उत्तर प्रदेश के लिए नीति दिशा डॉ. सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश को **AI adoption** से आगे बढ़कर **AI innovation** और **AI talent creation** का केंद्र बनना होगा। इसके लिए बड़े स्तर पर निवेश, मजबूत **innovationecosystem**और **startups** को प्रोत्साहन आवश्यक है। इस संदर्भ में उन्होंने हाल ही में मुख्यमंत्री को दिए अपने सुझावों में **UP AI Research &Innovation Fund, UPAICommission,AI startups, incubators** एवं **innovation hubs** के लिए **Seed Funding Policy** जैसे महत्वपूर्ण कदम सुझाए हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि समय आ गया है कि उत्तर प्रदेश और भारत **AI** के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभाएं। "**Gear Up, Skill Up] Rise Up** — भारत का युवा भविष्य का निर्माता है।"

# पृथ्वी संरक्षण के उपायों को प्रभावशाली ढंग से अवध कॉलेजिएट के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया

लखनऊ। राजधानी के अवध क लेजिएट की सभी शाखाओं में विद्यार्थियों के लिए पृथ्वी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। यह दिन ऊर्जा, जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण से परिपूर्ण रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने हमारे ग्रह की रक्षा के महत्व को समझा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विशेष प्रस्तुतियाँ एवं विविध गतिविधियाँ रहीं, जिनके माध्यम से पृथ्वी संरक्षण के उपायों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने 'मदर अर्थ' को समर्पित गीत एवं कविताओं के माध्यम से पर्यावरण के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण विषयक



रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक चार्ट भी तैयार किए गए, जिन्होंने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया। प्रबंध ाक श्री सर्वजीत सिंह जी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं ऊर्जा के साथ सहभागिता की, जिससे यह आयोजन अत्यंत प्रेरणादायक एवं सफल रहा। विद्यालय की निर्देशिका जतिंदर वालिया ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संसाधनों के संरक्षण, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर विशेष बल दिया। यह समारोह विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने एवं उन्हें जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

# अवध कॉलेजिएट के होनहार विद्यार्थियों ने जेई मेंन मे शानदार सफलता हासिल की

लखनऊ। अवध क लेजिएट के लिए यह अत्यंत हर्ष एवं गौरव की बात है कि हमारे २ विद्यार्थियों ने जेईई मेन सेकंड सेशन उत्कृ ष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धि ायाँ इस प्रकार है– नमन जैन ६७.४६ः अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक ५७८४ (**General EWS**) हासिल की। हर्ष शर्मा ६४.८९ः अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक ८००८४ (ळमदमतंस) प्राप्त की। यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, लगन और समर्पण का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधक सर्वजीत सिंह दोनों को बधाई देते कहा कि : "हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि अत्यंत प्रेरणादायक है। यह साबित करता है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हम सभी को इन पर गर्व है और इनके उज्ज्वल भविष्य


Harsh sharma



की कामना करते हैं। "निर्देशिका जतिंदर वालिया ने अपने संदेश में कहा कि यह सफलता पूरे संस्थान के लिए गर्व का क्षण है। विद्यार्थियों ने न केवल अपने परिवार बल्कि विद्यालय का भी नाम ऊँचा किया है। हम आशा करते हैं कि वे आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।

# पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस रद्द

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक, आरबीआई ने बड़ा फैसला किया है। केंद्रीय बैंक ने विजय शेखर शर्मा के पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द कर दिया है। आरबीआई ने यह फैसला ऑडिट रिपोर्ट में बैंकिंग विनियमन




कानून, १६४६ के तहत लगातार नियमों की अनदेखी करने की वजह से लिया है। बताया जा रहा है कि पीटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के खिलाफ यह कार्रवाई डेटा सुरक्षा उल्लंघनों और जमाकर्ताओं के हितों के प्रतिकूल काम करने के कारण भी की गई है। आरबीआई के इस फैसले के बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को तत्काल प्रभाव से बैंकिंग कारोबार करने से रोक दिया गया है। अब कंपनी किसी भी तरह का बैंकिंग परिचालन नहीं कर सकती है। ग्राहकों को अब अपने पेटीएम पेमेंट्स बैंक खाते या व लेट में पैसे जमा करने या जोड़ने की अनुमति नहीं होगी। आरबीआई ने कहा कि बैंक के पास कारोबार बंद करने की प्रक्रिया के दौरान अपनी देनदारियों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त फंड है। गौरतलब है कि आरबीआई का यह फैसला पेटीएम पेमेंट्स बैंक को बंद करने के लिए चल रही लंबी विनियमन कार्रवाई की प्रक्रिया में आखिरी कदम है। आरबीआई ने पहले ही इस पर नए ग्राहक बनाने और जमा स्वीकार करने पर रोक लगा दी थी। रिजर्व बैंक ने यह कार्रवाई २०२२ में शुरू की थी, जब उसने इस कंपनी कुछ पाबंदियां लगाई थीं। आरबीआई ने लाइसेंस रद्द करने के कई कारण बताए, जिनमें बैंक के कामकाज का लेंडर और उसके डिप जिटर्स के हितों के खध्लिाफ होना भी शामिल था। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इसके प्रबंधन का रवैया जमाकर्ताओं और जनहित के लिए नुकसानदेह था।

# साहिर-अमृता की दास्तान पहली को 'वो अफसाना' में

लखनऊ। साहिर लुधियानवी और अमृता प्रीतम की प्रेम कथा पर आधारित सर्वाधिक चर्चित द्विपात्रीय नाटक 'वो अफसाना' का मंचन दिल्ली के कलाकार यहां एमबी क्लब ग्राउंड पर पहली मई की शाम करेंगे। इस अवसर पर बाद एसोसिएशन लम्बे अरसे बाद नाटक मंचित करा रही है। उन्होंने बताया कि दो प्रतिष्ठित हस्तियां, जिनके नाम एक साथ जुनून, निःस्वार्थ स्नेह और एकतरफा प्रेम के साथ ही दोनों के बीच अनकहे, लेकिन गहरे बंधन को दर्शाते हैं।



प्रमाणित तथ्यों से प्रेरित और व्यापक शोध पर आधारित इस नाटक में उनकी कविताओं और घटनाओं को खूबसूरती से पिरोया गया है। शमीर के निर्देशन में प्रस्तुत सुदेश सेठी और जयश्री के संकलित और एडाप्ट किये इस नाटक में वह खुद साहिर की भूमिका में मंच पर होंगे, जबकि अमृता का किरदार डा.जयश्री सेठी निभायेंगी। गीतों में श्रिया अरोड़ा और जावेद की आवाज होगी। मंच पार्श्व के कामों में श्वेता मिश्रा और स्वाति की प्रतिभा दिखायी देगी। लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। हुनर क्रिएशन एण्ड क्राफ्ट एसोसिएशन की ओर से राबता दिल्ली की इस पेशकश के बारे में संयोजक जफर नबी ने बताया कि सम्मान समारोहों और संगीत कार्यक्रमों के आयोजन के

# ADG अमिताभ यश के पिता पूर्व IPS राम यश सिंह का निधन, कल लखनऊ में अंतिम संस्कार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के **ADG** (लॉ एंड ऑर्डर) एवं **STF** प्रमुख अमिताभ यश के पूज्य पिता, ८० वर्षीय पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राम यश सिंह का सोमवार को निधन हो गया। उनके निधन से प्रशासनिक एवं पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया गया कि हृदयाघात के बाद उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार प्रातः लखनऊ स्थित बैकुंठ धाम में किया



जाएगा। स्वर्गीय राम यश सिंह बिहार कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रहे और डीआईजी पद से सेवानिवृत्त हुए थे। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने पश्चिम चंपारण (बेतिया), पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) और जहानाबाद जैसे जिलों में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य करते हुए कानून-व्यवस्था को मजबूत किया। वे अपनी अनुशासनप्रियता, निष्कलंक कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। उनके योगदान को पुलिस विभाग में लंबे समय तक याद किया जाएगा।

# CM योगी ने ADG अमिताभ यश के आवास पहुंचकर दिवंगत राम यश सिंह को दी श्रद्धांजलि


लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को **ADG** (लॉ एंड ऑर्डर) एवं **STF**



प्रमुख अमिताभ यश के आवास पहुंचकर उनके दिवंगत पिता राम यश सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राम यश सिंह एक कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासनप्रिय अधिकारी थे, जिनका प्रशासनिक योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। गौरतलब है कि पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राम यश सिंह का हाल ही में हृदयाघात के कारण निधन हो गया था। वे बिहार कैडर के अधिकारी रहे और डीआईजी पद से सेवानिवृत्त हुए थे। अपने सेवाकाल में उन्होंने कई जिलों में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री के इस दौरे के दौरान पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे और सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अंशिका वर्मा (रैंक १) और अदिति (रैंक २) ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया

लखनऊ।' बाराबंकी के लिए यह गर्व का क्षण है, क्योंकि यहाँ की दो छात्राओं ने २०२६ की उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) कक्षा १०वीं की परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किए हैं। अंशिका वर्मा ने ६७.८३ः अंक प्राप्त कर रैंक १ हासिल की, जबकि अदिति ने ६७.५०ः अंकों के साथ रैंक २ प्राप्त की। द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, बाराबंकी की इन दोनों छात्राओं ने गणित विषय में पूर्ण १०० में से १०० अंक प्राप्त किए। अंशिका, जो आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहती हैं, उन्होंने बताया कि नियमित रूप से विद्यालय जाना उनकी निरंतरता बनाए रखने में सहायक रहा, जबकि स्कूल के बाद अ नलाइन कक्षाओं ने उन्हें रिविजन में मदद की। उन्होंने कहा, मेरे विद्यालय के शिक्षक और मेरे माता-पिता मेरा सबसे बड़ा सहारा रहे। स्कूल के बाद जो अतिरिक्त पढ़ाई की, वह मैंने **PW** के साथ ऑनलाइन की। उनके पिता ने इसे गर्व का अवसर बताते हुए छात्रों को अपने सपनों के लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी। अंशिका ने सोशल मीडिया पर फैल रही उन अफवाहों को भी स्पष्ट किया, जिनमें कहा जा रहा था कि उन्होंने कई



कोचिंग संस्थानों का सहारा लिया। अंशिका ने कहा, यह परिणाम मेरी मेहनत और स्कूल व ऑनलाइन शिक्षकों के मार्गदर्शन का नतीजा है। मैंने कहीं और पढ़ाई नहीं की। अदिति, जो भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में जाना चाहती हैं, ने भी अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा, मुझे विद्यालय में शैलेश मिश्रा, सुनील राजपूत और रजत सोनी सर सहित सभी शिक्षकों से मार्गदर्शन मिला। **PW** के ऑनलाइन शिक्षकों और विशेष रूप से मेरी बड़ी बहन का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुझे विश्वास था कि मैं अच्छा करूँगी, लेकिन राज्य स्तर पर रैंक हासिल करना एक सपना पूरा होने जैसा है।

# ड्राइविंग सिखाते पकड़ा फर्जी मोटर मोटर ट्रेनिंग स्कूल का वाहन



लखनऊ। राजधानी में फर्जी मोटर ट्रेनिंग स्कूलों का संचालान करने वालों की भरमार है, गलियों, मोहल्लों, कूचों से संचालित फर्जी मोटर ट्रेनिंग स्कूल जान जोखिम में डालकर अनफिट वाहनों से वाहन चलानें सिखाने के गोरखधंधे की शिकायतों और समाचार पत्रों में छपनें के सिलसिले के बाद परिवहन विभाग की कुंभकर्णी नींद से जागा। परिवहन विभाग ने आज रविवार को फर्जी मोटर ट्रेनिंग स्कूल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वाहन को सीज कर दिया, साथ ही फर्जी स्कूल और इसे चलाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश पुलिस से की। वाहनों की जांच के दौरान एआरटीओ प्रवर्तन आलोक यादव ने शाम को बीकेटी में सिद्धि विनायक मोटर ट्रेनिंग स्कूल का बोर्ड लगाए वाहन चलाना सिखा रही एक कार को रोका और उसकी जांच की। पाया कि कार का फिटनेस ५ अगस्त २०२४, प्रदूषण १५ सितंबर २०२४ और बीमा १३ मार्च २०२४ से कराया ही नहीं गया है। एआरटीओ के अनुसार वाहन चलाना सीख रहे युवक धर्म वर्मा और राजेश गुप्ता से पता चला कि १५ दिन में सीखने के लिए उन्होंने ३०००-३००० हजार रुपये ट्रेनिंग स्कूल में बतौर फीस जमा किए हैं। उन्होंने बताया कि जिस वाहन से सिखाया जा रहा था, वह निजी वाहन है। यह आदर्श कुमार, निवासी राजाजीपुरम के नाम से पंजीत है। ट्रेनिंग स्कूल का भी कोई पंजीकरण परिवहन विभाग में नहीं है।

## अखिलेश यादव ने गाजीपुर में मृत पाई गई नाबालिग लड़की के परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गाजीपुर में मृत पाई गई नाबालिग लड़की के परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि पार्टी का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पीड़ित परिवार से मिलकर सहायता राशि का चेक सौंपेगा। सोमवार को लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सपा अध्यक्ष ने कहा कि उनका २६ अप्रैल का गाजीपुर दौरा प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात के बाद तय होगा। यह प्रतिनिधिमंडल रामासरे विश्वकर्मा के नेतृत्व में जाएगा। गाजीपुर में नाबालिग की संदिग्ध मौत पर उन्होंने प्रदेश की कानून–व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले की ठीक से जांच नहीं की गई। ष्परिवार को कुछ संदेह था, क्या उसकी जांच हुई? जहां शव मिला, वहां दो फीट पानी भी नहीं था,ष उन्होंने कहा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट छिपाए जाने पर भी सवाल उठाया। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद ऐसी घटनाएं बढ़ी हैं और महिलाओं



की सुरक्षा के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। उन्होंने विपक्षी कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जाने का भी आरोप लगाया। महिला आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि संसद में बिल पास हो चुका है, लेकिन केंद्र सरकार इसे लागू करने में देरी कर रही है और जनता को भ्रमित कर रही है। ३० अप्रैल को महिला आरक्षण पर प्रस्तावित विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में सपा विधायकों की भागीदारी पर उन्होंने कहा कि इसका निर्णय पार्टी का विधायक दल करेगा। सपा अध्यक्ष ने यह भी घोषणा की कि प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर किसानों के अनाज का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए १५,००० करोड़ रुपये का कोष बनाया जाएगा। साथ ही बुनकरों को बिजली में सब्सिडी दी जाएगी और उनके उत्पादों के विपणन की व्यवस्था सरकार करेगी। इससे पहले अखिलेश यादव ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के १०० वर्षों पर आधारित कफी टेबल बुक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि एएमयू और बीएचयू जैसे संस्थानों ने देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर उन्होंने यूपी बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में शामिल तीन छात्राओं को टैबलेट भी वितरित किए।

## यूपी सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनी फरियादियों की समस्या

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह यहां जनता दर्शन में प्रदेशभर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को संवेदनशील



होकर समयसीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। यहां जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने एक–एक फरियादी से मुलाकात कर प्रार्थना पत्र लिए। राजस्व व पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर उन्होंने कहा कि हीलाहवाली नहीं चलेगी, समयसीमा में समाधान कर पीड़ित को सूचित करना होगा। कुछ फरियादियों के जनपद स्तर पर अधिकारियों से न मिलने को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि भीषण गर्मी में लखनऊ तक परेशान न हों, पहले अपने जनपद में तैनात अधिकारियों से मिलकर समस्या बताएं। योगी आदित्यनाथ ने भरोसा दिलाया कि हर हाल में सुनवाई होगी और यथोचित समाधान भी मिलेगा। उन्होंने लोगों से धूप–गर्मी में स्वास्थ्य का ध्यान रखने की अपील की। बयान के अनुसार जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने दुलारा। जनता दर्शन के बाद मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल रवाना हो गए।

**हमारे अन्य प्रतिनिधि**

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार

सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक

सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

## टाइगर श्रॉफ ने सेट किया नया फिटनेस गोलः ६० किलो वजन अब लगने लगा हल्का

मुम्बई। एक्शन स्टार होने के साथ–साथ, टाइगर श्रॉफ अपनी शानदार बॉडी और परफेक्ट एब्स के लिए भी कई लोगों के लिए फिटनेस प्रेरणा हैं। अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए टाइगर ने बताया कि फिटनेस के सफर में एक नया मुकाम हासिल



करने के बाद, उन्हें अपने दोनों तरफ ६० किलो वजन हल्का लगने लगा है, जिससे वे बेहद खुश और थोड़े डरे हुए भी हैं। अपने हालिया जोरदार वर्कआउट सेशन की एक झलक शेयर करते हुए टाइगर ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि ६० किलो (दोनों तरफ) वजन अब हल्का लगने लगा है इस वजन के नीचे डर लग रहा है। अपनी बेमिसाल फिटनेस के अलावा, टाइगर अपने शानदार डांस मूव्स से भी सबका दिल जीत लेते हैं। हाल ही में, टाइगर ने दिग्गज माइकल जैक्सन को उनके मशहूर गाने 'बिली जीन' पर एक दमदार परफ मैंस देकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। 'बाघी' एक्टर ने दावा किया कि 'किंग ऑफ पॉप' ने ही उन्हें डांस की हर वो कला सिखाई है जो वो जानते हैं। टाइगर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर इस यादगार गाने पर डांस करते हुए एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में वो माइकल जैक्सन के मशहूर स्टेप्स, जैसे मूनव किंग और लेग शफल, को रीक्रिएट करते नजर आए। टाइगर ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ''उन्होंने मुझे मूवमेंट के बारे में, प्रेजेंस के बारे में, और स्टेज पर अपना सब कुछ देने का मतलब सिखाया। टाइगर ने इंस्टाग्राम पर 'माइकल' बायोपिक पेज को भी टैग किया। अमेरिकी गायक के जीवन पर बनी यह बायोपिक ६० के दशक में जैक्सन ५ में उनके समय से लेकर उनके शुरुआती करियर तक के उनके सफर को दर्शाती है। फिल्म में माइकल जैक्सन का किरदार उनके भतीजे जाफर जैक्सन ने निभाया है, जो फिल्म जगत में उनका पहला अभिनय है। इस जीवनीपरक ड्रामा की मुख्य कास्ट में निया लॉन्ग, लौरा हैरियर, जूलियानो क्रू वाल्डी, माइल्स टेलर और कोलमैन डोमिंगो प्रमुख भूमिकाओं में हैं, साथ ही अन्य कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म 'माइकल' इस साल २४ अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

## अदा शर्मा फिल्म 'गवर्नर' में मनोज बाजपेयी के साथ काम को लेकर उत्साहित

मुम्बई। अभिनेत्री अदा शर्मा आने वाली फिल्म 'गवर्नर' में अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ काम को लेकर खुश हैं। वे इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि वह उनके साथ काम करके बहुत खुश हैं। इसके साथ ही, अभिनेत्री ने मनोज बाजपेयी की खूब प्रशंसा की। मनोज बाजपेयी के साथ पहली बार काम करने के बारे में अदा शर्मा ने आईएएनएस से बात करते हुए 'कहा, ''वह (बाजपेयी) इस फिल्म का चेहरा हैं। वह 'गवर्नर' में गवर्नर का रोल निभा रहे हैं। फिल्म में अपने किरदार के बारे में अदा शर्मा ने कहा, ''मैं उनके साथ स्क्रीन शेयर करके बहुत खुश हूं। हमारे डायरेक्टर चिन्मय मंडलेकर बहुत अच्छे हैं, जो खुद भी एक शानदार एक्टर हैं। मेरे किरदार में भी एक अच्छा सरप्राइज है और यह कुछ ऐसा है जो मैंने पहले कभी नहीं किया। बता दें कि २३ अप्रैल को मनोज बाजपेयी के जन्मदिन पर फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया था। फिल्ममेकर विपुल अमृतलाल शाह ने यह पोस्टर रिलीज किया। चिन्मय मंडलेकर की ओर से निर्देशित फिल्म 'गवर्नरः द साइलेंट सेवियर' के पहले पोस्टर में मनोज पीछे से नजर आ रहे हैं। वह एक बैग लेकर क रिडोर में चल रहे हैं। इसके साथ टैगलाइन है, 'अगर मैं फेल हुआ तो इंडिया फेल हो जाएगा', जो एक जबरदस्त लीगल ड्रामा की ओर इशारा करती है। पोस्टर में एक हरी कुर्सी को खास तौर पर दिखाया गया है, जिसके साथ टैगलाइन है– 'यह सिर्फ कुर्सी नहीं, जिम्मेदारी है।' यह टैगलाइन



देश पर आधारित एक गंभीर कहानी की ओर इशारा करती है। चिन्मय मंडलेकर की ओर से निर्देशित इस फिल्म को सनशाइन पिक्चर्स ने प्रस्तुत किया है। विपुल अमृतलाल शाह फिल्म के प्रोड्यूसर हैं और को–प्रोड्यूसर आसीन ए. शाह हैं। इसकी कहानी सुवेंदु भट्टाचार्य, सौरभ भारत, रवि असरानी और विपुल अमृतलाल शाह ने लिखी है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक